मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 16 जुलाई, 2009 (आषाढ़ 25, 1931)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री गोविन्द सिंह राजपूत, सदस्य, सागर नगर में एक अधिवक्ता की हत्या के दोषियों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. गोविन्द सिंह, श्री एदल सिंह कंसाना, सदस्य, मुरैना जिले के आगरा-मुम्बई राजमार्ग पर चम्बल नदी में बस गिरने से कई यात्रियों की मौत होने की ओर परिवहन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री पारस दादा, सदस्य, रतलाम जिले के -

- (क) शहर में गणेश देवरी से नौलाई पुरा तक फुटपाथ को सीमेंटेड किये जाने,
- (ख) शहर के कस्तूरबा नगर कालोनी की सड़क सीमेंटेड किये जाने,
- (ग) शहर अन्तर्गत मथुरी में त्रिवेणी के आगे घोलावाड़ को पाईप लाईन से जोड़े जाने,
- (घ) शहर के वार्ड नं. 48 में पेयजल समस्या के निदान हेतु नलकूप खनन किये जाने,
- (ङ) शहर की कस्तूरबा कालोनी में पांच लाख गैलन पानी की टंकी का निर्माण किये जाने,
- (च) जिला चिकित्सालय के मुख्य दरवाजे पर रेडक्रास की दवाई दुकान खोले जाने, तथा
- (छ) शहर के अमृत तालाब में मिलने वाले गंदे नालों को रोककर तालाब के किनारे पिकनिक स्थल बनाये जाने एवं

(2) श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य, शिवपुरी जिले के -

- (क) ग्राम सिरसौद में सूडेश्वर महादेव के बीच नदी पर रपटा बनाये जाने,
- (ख) ग्राम जुगहा से डुमगना तक सड़क बनाये जाने,
- (ग) कन्या हाईस्कूल मंगरौनी को कन्या इन्टर कालेज एवं कन्या माध्यमिक शाला दिवारा को हाईस्कूल में उन्नयन किये जाने,
- (घ) हस्सी डेम के वेस्ट वीयर पर पुल निर्माण किये जाने,
- (ङ) ग्राम करैरा एवं नरवर तहसील में नवीन आई.टी.आई. प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने,
- (च) नरवर से करैरा मार्ग का पुनः डामरीकरण किये जाने, तथा
- (छ) ग्राम मंगरौनी की पुलिस चौकी को उन्नयन कर थाना बनाये जाने ; एवं

(3) श्री उमाशंकर गुप्ता, सदस्य, भोपाल जिले के -

- (क) जहांगीराबाद क्षेत्र की पुरानी गैस अदालत भवन में यूनानी चिकित्सालय के पास खाली भवन में आयुर्वेदिक चिकित्सालय शीघ्र खोले जाने, तथा
- (ख) जहांगीराबाद क्षेत्र की बड़वाली मस्जिद और अहीरपुरा के आस-पास की मांस की दुकानें बंद कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

4. पर्यटन मंत्री का वक्तव्य

श्री तुकोजीराव पवार, पर्यटन मंत्री, दिनांक 9 जुलाई, 2009 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्रमांक 83) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्रीमती अर्चना चिटनीस, उच्च शिक्षा मंत्री, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2009 (क्रमांक 10 सन् 2009) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगी.

(2) श्रीमती अर्चना चिटनीस, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, 2009 (क्रमांक 11 सन् 2009) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगी तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगी.

6. वर्ष 2009-2010 की अनुदानों की मांगों पर मतदान ....(क्रमशः)

निर्धारित समय			
	(1)	मांग संख्या - 21	आवास एवं पर्यावरण
		मांग संख्या - 23	जल संसाधन
2 घन्टे 30 मि.		मांग संख्या - 40	जल संसाधन विभाग से संबंधित व्यय-आयाकट
		मांग संख्या - 45	लघु सिंचाई निर्माण कार्य
		मांग संख्या - 57	जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.
	(2)	मांग संख्या - 11	वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार
		मांग संख्या - 28	राज्य विधान मण्डल
2 घन्टे 30 मि.		मांग संख्या - 46	विज्ञान और टेक्नालॉजी
		मांग संख्या - 56	ग्रामोद्योग
		मांग संख्या - 69	सूचना प्रौद्योगिकी
		मांग संख्या - 78	उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
	(3)	मांग संख्या - 15	अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
2 घन्टे 30 मि.		मांग संख्या - 30	ग्रामीण विकास
		मांग संख्या - 52	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता
		मांग संख्या - 59	ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
		मांग संख्या - 62	पंचायत
		मांग संख्या - 80	त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 15 जुलाई, 2009